**Project name** - Construction of 33KV link electric line from 220 KV substation Babina Jhansi to 33/11 KV substation MES, Babina along the road side of Old NH -26 At Pillar No. 27+980 and through Babina reserve forest (Dang Sarkar), Panti forest block (Dang Sarkar) and Sendhani forest block, (Dang Sarkar), forest range Babina-Jhansi under scheme business plan by Electricity Secondary Work Division Jhansi, DVVNL for enhance of capacity & reforms of Electricity supply (U.P. Govt. scheme)

# कार्य की आवश्यकता

**बबीना**, जनपद –झांसी, उत्तर प्रदेश स्थित भारत सरकार की रक्षा प्रतिष्ठान एम0ई0एस0 तथा केंद्र सरकार की सार्वजनिक क्षेत्र की उपक्रम भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बी0एच0ई0एल0) के मुख्य प्रतिष्ठान तथा आवासीय परिसर में बेहतर एवं गुणवत्तापरक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा विद्युत आपूर्ति की क्षमता को उच्चीकृत करने के साथ–साथ वर्तमान पोषकों की अति भारता को कम करने, लो वोल्टेज एवं ट्रिपिंग की समस्या को खत्म करने के लिए, बिजनेस प्लान के तहत, विद्युत माध्यमिक कार्यखण्ड, हाईडिल कॉलोनी, झांसी(डी0वी0वी0एन0एल0) द्वारा नए विद्युत लाइन का निर्माण कराया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस नई विद्युत लाइन का निर्माण 220 के0वी0 सब–स्टेशन **बबीना** झांसी से 33 / 11 केवी सबस्टेशन एम0ई0एस0 **बबीना** – झांसी तक किया जाना प्रस्तावित है। विद्युत लाइन के निर्माण के अनुक्रम में पुराना राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या– 26 के स्तम्भ संख्या 27+980 के पास स्थित संरक्षित वन क्षेत्र (क्षेत्रफल 0.0555 हे0), **बबीना** आरक्षित वन क्षेत्र ( क्षेत्रफल 0.5460 हे0), पन्ती आरक्षित वन ब्लॉक ( क्षेत्रफल 0.1020 हे0) एवं सेधंनी आरक्षित वन ब्लॉक ( क्षेत्रफल 1.800 हे0)वन क्षेत्र समाहित है। भारत सरकार की रक्षा प्रतिष्ठान के स्थानीय प्रमुख तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम बी0एच0ई0एल0 द्वारा इस विद्युत लाइन के निर्माण को अति शीघ्र पूरा किए जाने का बार–बार अनुरोध किया जा रहा है। इस विद्युत लाइन के निर्माण द्वारा रक्षा एप्रतिष्ठान एम0ई0एस0 एवं बी0एच0ई0एल0 के विद्युत आपूर्ति में सुधार करना तथा क्षमता को उच्चीकृत करना अति आवश्यक है।

अतः उपरोक्त तथ्यों के आलोक में, इस विद्युत लाइन का निर्माण तत्काल किया जाना आवश्यक है एवं इसके अतिरिक्त अन्य कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है। उपरोक्त लाइन के निर्माण में 55–60 मीटर की दूरी पर 13 मीटर की स्टील ट्यूबलर पोल लगाए जाएंगे जिनके ऊपर से 33 के0वी0 की लाइन के कंडक्टर गुजरेंगे, जिनमें कुल लगभग 2.5035 हेक्टेयर संरक्षित तथा आरक्षित वन भूमि प्रभावित होगी जो कि न्यूनतम है। उपरोक्त लाइन के निर्माण में कोई वृक्ष काटा नहीं जाएगा तथा विद्युत लाइन की तरफ पड़ने वाले पेड़ों की शाखाओं की शाखा तराशी मात्र की जाएगी।

29-6-21
(धर्मेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियंता
Executive Engineer
Electricity Secondary Works Division
Jhansi
विद्युत माध्यमिक कार्यखंड
हाइडिल कॉलोनी, सिविल लाइंस
झांसी- उत्तर प्रदेश - 284001

(जे० पी० नारायण सिंह)
अधीक्षण अभियंता
अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत कार्य मण्डल
झाँसी
विद्युत कार्य मण्डल
हाइडिल कॉलोनी, सिविल लाइंस
झांसी- उत्तर प्रदेश - 284001